तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 17 अक्टूबर 2024

13 जिले के पांच नगरीय निकायों में 35 हजार 788 मतदाता पंजीकृत




14 शिविर में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता के साथ निराकरण करें: कलेक्टर





# 8 ग्रामीण पहुंचे 14500 फीट ऊंचे गणेशटॉप हिल पर और फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

मनुष्य अपने मन की शांति के लिए क्या कुछ नहीं करता, वह पहाड़ों पर चढ़ जाता है। कठोर प्रण करता है ऐसे ही 8 लोगों ने अपने मन में आध्यात्मिक शांति लाने के लिए तथा राष्ट्र जागरण के उद्देश्य से 96 दिनों में 1800 किमी से अधिक दूरी पैदल यात्रा करके जम्मू कश्मीर के पहलगाम से आगे गणेशटॉप शिखर जो की समुद्र तल से 14500 फीट की ऊंचाई पर स्थित है, वहां पहुंचकर तिरंगा झंडा लहराया। दादरगांव पुराना निवासी 35 वर्षीय रामकुमार यादव के मन में एक विचार आया कि पैदल यात्रा कर जम्मू कश्मीर के किसी बेस कैंप पर चला जाए एवं रास्ते पर जन मानस में राष्ट्र शक्ति को जागृत करते तथा आध्यात्मिक शांति के लिए जनमानस को जागृत करते साथ ही साथ राष्ट्र शक्ति को जनता की शक्ति बताने की पहल किया जाए।

## 1500 किलोमीटर की पदयात्रा 96 दिन में पूरी की



### जगह-जगह हुआ आत्मीय स्वागत

अब तक केपगुपा जो कि 13500 फीट ऊंचाई पर है लोग यहां तक पहुंच पाये थे। हमारी यात्रा के दौरान यूपी, मध्यप्रदेश, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, जम्मू के लोगों द्वारा आत्मीय स्वागत एवं सहयोग किया गया। यात्रा के दौरान हम सभी ने प्रसिद्ध मंदिरों देव स्थलों का दर्शन किया।चूंकि यह राजनीतिक यात्रा नहीं थी, इसलिए किसी बड़े नेताओं मंत्रियों से मिलने की आवश्यकता नहीं पड़ी। हिन्दू धर्म के प्रचार प्रसार यात्रा की सबसे मुस्किल यात्राओं में से यह एक थी वापस रायपुर आने के पश्चात छत्तीसगढ़ महतारी चौक रायपुर में तिरंगा ध्वज स्थापित कर यात्रा का समापन किया गया



उन्होंने अपने साथ चेलक 28 वर्ष आरंग रमाकांत 28 वर्ष उड़ीसा बद्रीनारायण 36 वर्ष जांजगीर चांपा जयप्रकाश 25 वर्ष उड़ीसा कमलेश्वर वर्मा 40 वर्ष आरंग प्रदीप कुमार 28 वर्ष उड़ीसा एवं संतोष साहू 27 वर्ष उड़ीसा को जोड़ा और जनसेवा समिति के बैनर चले यह आध्यात्मिक यात्रा शुरू किया भीषण गर्मी के दिन 24 मई को यह यात्रा रायपुर बंजारी माता मंदिर से प्रारंभ हुई पश्चात बिलासपुर मरवाही चित्रकूट हमीरपुर फिरोजाबाद आगरा मथुरा फरीदाबाद दिल्ली पठानकोट होते जम्मू के भगवती नगर बेस कैंप पहुंचे। पश्चात आगे जाकर गणेशटॉप शिखर पर तिरंगा लहराए। रामकुमार यादव ने बताया कि वह प्रतिदिन 15-20 किलोमीटर पैदल चलते थे। यात्रा प्रातः भोर में शुरू होती थी, दिन में विश्राम होता था और पुनः शाम को यात्रा होती थी। भवन आवास की व्यवस्था स्थानीय जनों के सहयोग से मंदिर धर्मशाला आदि भवनों पर होती थी।

## खबर संक्षेप

### महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष पदमा दुबे ने दिया इस्तीफा



**राजिम।** महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष पदमा दुबे ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा की कॉपी बाकायदा महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष फूलों देवी नेताम एवं राजिम के पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल को भिजवाई है। श्रीमती दुबे ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को बुरी तरह से हार का मुंह देखना पड़ा है। इसकी नैतिक जिम्मेदारी अपने ऊपर लेते हुए महिला जिला अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रही हूं। कहा कि कांग्रेस पार्टी में रहते हुए एक कार्यकर्ता की भांति पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करती रहूंगी। उन्होंने कहा कि राजिम मेरा निवास स्थान है और राजिम में ही हमारी पार्टी काफी अंतर से पीछे हो गई, इसके लिए मैं स्वयं को जिम्मेदार मानती हूं।

### रमन सिंह को बधाई देने पहुंचे किसान नेता



**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को जन्मदिन के अवसर पर क्षेत्र के किसान नेता चंद्रिका साहू ने बुके भेंट कर बधाई और शुभकामना दी।

### सरकार 25 अक्टूबर से करे धान खरीदी : धनेंद्र



**नवापारा-राजिम।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू ने छत्तीसगढ़ की भाजपा शासन द्वारा 15 नवम्बर से धान की खरीदी घोषणा पर पुनः विचार करते हुए दीपावली पर्व को देखते हुए किसान हित में किसानों की दिवाली सूनी न हो इसलिए 25 अक्टूबर से धान खरीदी करने का अनुरोध किया है। श्री साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हरूणा तथा अल्प अवधि में पकने वाले धान पक कर तैयार है जिसकी कटाई होने वाली है । इस समय बरसात अच्छी होने से धान पिछले वर्ष से ज्यादा होगा । किसानो के चेहरे पर खुशी की लहर है लेकिन 15 नवम्बर से धान खरीदी की खबर सुनकर दुखी है क्योकि दीपावली पर्व नजदीक है एवं जो धान काटेंगे, उसे खेत से ढुलाई कर ब्यारा में पानी एवं चुहों से बचाकर रखना पडेग़ा। फिर 15 नवम्बर के बाद ब्यारा से सोसायटी ले जाना पड़ेगा, इससे परिवहन में खर्च भी बढ़ जायेगा। श्री साहू ने कहा कि इसी तरह छोटे किसानो को दिवाली पर्व पर आवश्यक समान खरीदने के लिए रूपया की जरूरत पड़ती है । किसान अपना धान दलालों को कम दाम पर बेचने मजबूर होंगे। किसानों की मजबूरी का फायदा उटाकर दलाल औने-पौने दाम पर धान खरीदेंगे। कहा कि ऐसा लग रहा है कि विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार गीला धान का बहाना बनाकर किसानों को भ्रमित कर दलालों को प्रशय देगी।

### कलेंडा आंगनबाड़ी में मनाया गया किशोरी बालिका दिवस

**सरायपाली।** आंगनबाड़ी केंद्र कलेंडा में परियोजना अधिकारी नारंग के निर्देशन एवं सेक्टर छुईपाली के सुपरवाइजर चंद्रिका कुमार के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत किशोरी बालिका दिवस मनाया गया। सुपरवाइजर के मुख्य आतिथ्य एवं लेखा नागवंशी के विशिष्ट आतिथ्य में मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

### सूचना मिलते ही जंगल पहुंची थी एन्टीपोचिंग टीम, डॉग स्क्वाड की मदद से किया मौका मुआयना

# अरसी कन्हार के जंगल में साल के 22 पेड़ों की अवैध कटाई, 3 ग्रामीण गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर



उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के अरसीकन्हार वनपरिक्षेत्र के जंगल में लगातार किमती वृक्षों की अवैध कटाई का मामला सामने आ रहा है। वनविभाग द्वारा अवैध कटाई करने वाले आरोपियों को पकड़ा गया है और कार्रवाई की गई है। वनविभाग ने बताया गया है वनमंत्री केदार कश्यप, सुधीर अग्रवाल प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) रायपुर छत्तीसगढ़, सतोविशा समाजदार मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) एवं क्षेत्र संचालक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर, वरुण जैन उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद के मार्गदर्शन में 14 अक्टूबर को उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद के वन परिक्षेत्र अरसीकन्हार के अंतर्गत ग्राम बरपदर से लगे कक्ष क्रमांक 402 में साल वृक्षों की अवैध कटाई की गोपनीय सूचना प्राप्त हुई। सूचना पाते ही एन्टीपोचिंग टीम नोडल गोपाल कश्यप द्वारा मौके पर पहुंचकर एवं डॉग स्क्वाड की मदद से मौका मुआयना किया। तब पता चला कि साल वृक्षों की कटाई यशवंत, युवराज, तिजस द्वारा की गई है। यशवंत पिता भोजलाल द्वारा 13 नग, युवराज पिता भोजलाल के द्वारा 6 नग और तिजउ पिता भादुराम के द्वारा 3 नग साल वृक्षों की अवैध कटाई करना स्वीकार किया गया।

एन्टीपोचिंग टीम और वन परिक्षेत्र अरसीकन्हार स्टॉफ द्वारा जप्तीनामा और पंचनामा तैयार किया गया और उनके घर एवं बाड़ी का भी तलाशी ली गई। आरोपी यशवंत पिता भोजलाल और युवराज पिता भोजलाल द्वारा एक नग साल वृक्ष की आरा से 3 नग फारा, 2 नग चौखट कड़ी को मौके पर बरामद किया गया और अपने बांधापारा के निजी मकान में 03 नग चौखट उपयोग किया गया है। तीनों आरोपी के विरुध्द धनेश कुमार साहू वनपाल द्वारा अपराध पंजीबध्द किया गया।

विवेचना अधिकारी प्रतिमा मेश्राम वनक्षेत्रपाल परिक्षेत्र अधिकारी अरसी कन्हार के द्वारा आरोपी यशवंत पिता भोजलाल एवं तिजउ पिता मादुराम को वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 के तहत गिरफ्तार कर व्यवहार न्यायालय प्रथम श्रेणी नगरी (मुकुन्दपुर) जिला धमतरी (छ.ग.) के समक्ष पेश किया जावेगा। वही एस डी ओ सीतानदी एम आर साहू को डी एफ ओ वरुण जैन द्वारा सूचना मिलने के बावजूद मौके पर नहीं पहुंचे एवं पीसीसीएफ को पत्र लिखकर बताया कि कम स्टाफ होने से अवैध कटाई एवं अतिक्रमण पर कारवाई संभव नहीं। पूर्व में भी कई आरोपियों/तस्करों को संरक्षण दे चुके हैं। इस कार्यवाही में एन्टीपोचिंग टीम उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद, वन परिक्षेत्र अरसीकन्हार के स्टॉफ एवं डॉग स्क्वॉड टीम नंदन वन जंगल सफारी रायपुर का विशेष सहयोग रहा।

### तलवार लहराकर राहगीरों को डराने धमकाने वाला युवक गिरफ्तार




**भेण्डरी।** ग्राम बुड़ेनी में मो. समीर नामक व्यक्ति लोहा का तलवार लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था। इस सूचना पर पुलिस चौकी करेली बड़ी की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को तलवार सहित गिरफ्तार कर धारा 25, 27 ऑर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि कोई भी गुंडा बदमाश को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे हथियार, बटंची, चाकूबाज एवं चाकू लेकर घूमने वालों के उपर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी जो जनता में भय पैदा करते हैं। पुलिस ने बताया कि तर्री रोड नवापारा के रहने वाले 26 साल के मोहम्मद समीर खान पिता मोहम्मद नाजीर खान ये हरकत कर रहा था, जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**नवापारा-राजिम।** शीतलापारा में कै लाश साहू नाम का युवक फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। 24 वर्षीय इस युवक ने आखिर इस घटना को अंजाम क्यों दिया अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। जानकारी के मुताबिक युवक का शव लटकते देखकर पुलिस को सूचना दी गई यह अनुमान लगाया गया है कि रात करीब 2 से 3 के बीच की यह घटना है। युवक के बारे में बताया गया है कि वह डीजे ऑपरेटर का काम करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चीर घर भेजवा दिया। आत्महत्या का कारण अभी अज्ञात है।

## राजस्व व आदिवासी विकास विभाग की भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी, कलेक्टर ने रोकी प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

- दस्तावेज सत्यापन से ठीक पहले शिकायत पर जिला प्रशासन ने किया स्थगित

जिले में राजस्व विभाग और आदिवासी विकास विभाग में स्टेनोटाइपिस्ट और डाटा एंट्री ऑपरेटर के पदों पर भर्ती के लिए चल रही प्रक्रिया पर कलेक्टर ने रोक लगा दी है। गड़बड़ी की आशंका व शिकायत पर कलेक्टर ने दस्तावेज सत्यापन से ठीक पहले भर्ती प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया है।

जानकारों के मुताबिक, राजस्व और आदिवासी विकास विभाग की भर्ती प्रक्रिया पहले से ही संदेह के घेरे में थी। अंदरखाने की चर्चा थी कि कुछ खास लोगों के चयन की योजना पहले से ही तैयार थी। लेकिन, जब यह मामला जनता के सामने आया और जनदर्शन ▶▶ शेष पेज 13 पर




#### जांच के बाद लेंगे निर्णय

कुछ शिकायतें सामने आई हैं। शिकायत का परीक्षण कर जांच की जाएगी। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके बाद निर्णय लिया जाएगा।

**दीपक कुमार अग्रवाल**
कलेक्टर, गरियाबंद

#### आदिवासी विकास विभाग के सभी उम्मीदवार फेल

आदिवासी विकास विभाग में 6 उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए बुलाया गया था। हालांकि, जब उम्मीदवारों ने आपत्ति जताई तो दो उम्मीदवारों को अयोग्य करार दिया गया, जो संयोगवश विभागीय अधिकारियों के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। खास बात यह है कि जो उम्मीदवार परीक्षा में बैठे, वे सभी असफल हो गए। यह रिजल्ट न सिर्फ हैरान करने वाला था, बल्कि इसमें पारदर्शिता पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### 3 करोड़ में होगा नवापारा का विकास, राशि मंजूर



**नवापारा-राजिम।** नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी ने बताया कि नगर के विकास हेतु राज्य सरकार से अधोसंरचना मद अंतर्गत 3 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसमें नगर के विभिन्न वार्डों के साथ मुख्य मार्ग सदर रोड हेतु 41.71 लाख , महावीर चौक से लेकर रेलवे स्टेशन तक 10.77 लाख एवं काली मंदिर से लेकर गुरुद्वारे की ओर जाने वाली सड़क का डामरीकरण हेतु 31.71 लाख शामिल हैं। श्री मध्यानी ने बताया कि केंद्र सरकार की योजना 15 वें वित्त अंतर्गत नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा को प्राप्त राशि से रायपुर रोड नवापारा के प्रवेश द्वार से लेकर राजिम पुल तक किए गए रोड चौड़ीकरण में पीडब्ल्यूडी द्वारा लाइट का प्रोवीजन नहीं किए जाने के कारण नगर पालिका ने अपने 15 वें वित्त की राशि से लगभग एक करोड़ का डिवाइडर में पोल लगाकर सड़क के दोनों और लाइट का प्रस्ताव दिया था, जिसका टेंडर हो चुका है। आने वाले दो माह के ▶▶ शेष पेज 13 पर

## प्रधान पाठक को दूसरे स्कूल भेजने का विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

- पालकों ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन, जल्द वापसी नहीं होने पर कार्यालय घेराव की दी चेतावनी

ग्राम पंचायत मैनपुरकला के शासकीय पूर्व माध्यमिक में पदस्थ प्रधान पाठक महेश राम वर्मा को कन्याशाला नगबेल में अध्यापन कार्य हेतु व्यवस्था में रखा जा रहा है। इसकी जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में शाला प्रबंधन समिति एवं ग्राम के ग्रामीण मैनपुर बीईओ कार्यालय पहुंचे और विरोध जताते हुए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि प्रधानपाठक महेश राम वर्मा को तत्काल प्राथमिक शाला मैनपुरकला में पुनःपदस्थ किया जाए अन्यथा सैकड़ों ग्रामीण छात्र–छात्राओं के साथ मैनपुर पहुंचकर बीईओ कार्यालय का घेराव करेंगे, जिसकी सारी जवाबदारी शिक्षा विभाग की होगी। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पार्वती नागेश, उपाध्यक्ष शिवकुमार, महेश नागेश, गज्जू नेगी, विरेन्द्र राजपूत, हरेन्द्र रावत, सीमा ध्रुव, सरस्वती निशाद, संतोशी सोनी, "यामबाई, सोहद्राबाई ध्रुव, रामीन बाई, प्रेमबाई, आसमोतिन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मैनपुर बीईओं कार्यालय पहुंचकर लिखित में ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मैनपुरकला में पदस्थ प्रधानपाठक महेश राम वर्मा एल.बी. को गलत तरीके से कन्या आश्रम माध्यमिक शाला नगबेल में अध्यापन कार्य हेतु व्यवस्था में रखा ▶▶ शेष पेज 13 पर

### आत्मसमर्पण नीति को जिले में प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा

# थाना स्तर पर होगा समस्याओं का त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

- एसपी निखिल राखेचा ने पत्रकार वार्ता में कहा- नक्सल और नशे के खिलाफ अभियान चलाएंगे

जिले के नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा ने बुधवार को जिला मुख्यालय में पहली बार पत्रकारों से खुलकर बातचीत की। इस मौके पर उन्होंने जिले की कानून व्यवस्था, नक्सल समस्या और नशे के कारोबार को लेकर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। राखेचा ने कहा कि पुलिसिंग का फोकस अब बेसिक पुलिसिंग पर रहेगा, ताकि लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान थाना स्तर पर ही हो सके और जनता को इधर-उधर भटकना न पड़े।

#### नक्सल अभियान में तेजी का वादा

नए एसपी ने जिले में नक्सली गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस की तरफ से और भी अधिक सघन अभियान चलाने की बात कही। उन्होंने कहा, /"नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कानून व्यवस्था मजबूत करना हमारी प्राथमिकता रहेगी। सुकमा और नारायणपुर जैसे नक्सल प्रभावित जिलों में काम करने का अनुभव यहां मददगार साबित होगा। एसपी ने यह भी कहा कि आत्मसमर्पण नीति को जिले में प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा, ताकि नक्सली हिंसा से निपटने के साथ ही मुख्यधारा में लौटने वाले नक्सलियों को बेहतर मौका मिल सके।

#### शिकायतों का त्वरित समाधान प्राथमिकता

जिले में कानून व्यवस्था को लेकर एसपी ने कहा कि प्रार्थियों की शिकायतों का त्वरित समाधान अब पुलिस की पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने स्पष्ट किया, प्रार्थियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकने की जरूरत नहीं होगी। थाना स्तर पर ही शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा, शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों की विशेष परिस्थितियों के अनुसार अलग-अलग रणनीति तैयार की जाएगी, ताकि दोनों क्षेत्रों में कानून व्यवस्था मजबूत रहे।



**नशे के खिलाफ चलेगा विशेष अभियान :** एसपी राखेचा ने जिले में बढ़ते नशे के कारोबार पर भी चिंता जताई। उन्होंने अवैध गांजा तस्करी और शराब बिक्री पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया। हमारी रणनीति पहले नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की पहचान करने की होगी, इसके बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा नशे की सामग्री जो सीमापार से जिले में लाई जा रही है, उस पर अंकुश लगाने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग भी किया जाएगा।

#### बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर जोर

एसपी ने पुलिस के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने की भी बात कही, जिससे कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की तैनाती और संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जाएगा।

नए एसपी निखिल राखेचा की यह बैठक भविष्य की चुनौतियों से निपटने की उनकी तैयारी का संकेत देती है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने और नशे के खिलाफ सख्त रुख अपनाने के साथ, उन्होंने जिले के हर प्रार्थी की शिकायत को गंभीरता से लेकर समाधान करने का भरोसा दिलाया है।

पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### मंदिरों और चबूतरों में लगाया जाएगा टाइल्स

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के भाठापारा में देवी मां मौली मंदिर परिसर, नवनिर्माण जगन्नाथ मंदिर परिसर, सहाड़ा देवता चबूतरा में टाइल्स ग्रेनाइट व स्टील ग्रील लगाने का कार्य कराया जाएगा। इसके लिए जारी नाप के दौरान इंजीनियर खुलेश साहू, पार्षद धर्मेंद्र यादव, द्रोणाचार्य साहू, भुनेश्वर साहू, डोमार पटेल आदि उपस्थित रहे।

### नशामुक्ति के तहत सांकरा में निकाली गई जागरुकता रैली

**महासमुंद।** शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक शाला सांकरा में खेल एवं युवा कल्याण के तत्वाधान में कूड़ो संघ द्वारा नशामुक्ति जागरुकता रैली अभियान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में समाज कल्याण के बैनर तले 15 अक्टूबर को चलाया गया। नशामुक्त भारत अभियान के तहत विकसित भारत मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र की थीम पर रैली निकाली गई। अभियान में जिले के खिलाड़ियों व विद्यालय के 90 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों, विद्यार्थियों व स्टॉफ ने लोगों को जागरुक करने के लिए नशामुक्ति रैली निकाली एवं नारों, बैनर के माध्यम से प्रचार प्रसार कर नशा से दूर रहना का संदेश दिया। आयोजित किया गया। इसमें खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, मीरा पंडा, दीपक निषाद, उपेंद्र प्रधान, प्रधानपाठक बिलासिनी दीप, पुष्पलता शुक्ला, संदीप चंद्राकर, सरोजिनी खटकर का सहयोग रहा।

### स्काउट-गाइड के मुख्य राज्य आयुक्त से मुलाकात

**महासमुंद।** स्काउट गाइड मुख्य राज्य आयुक्त एवं छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग पूर्व अध्यक्ष डॉ सोमनाथ यादव जिला महासमुंद स्काउट गाइड के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने पहुंचे। जहां सर्किट हाउस में यादव समाज के प्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया। जिसमें मुख्य रूप से राजू यादव राजनीतिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष, प्रीतम यादव जिलाध्यक्ष यादव समाज, डूमन यादव सरपंच बिहाझर, मनोज यादव जिला महासचिव, चरण यादव खल्लारी परिक्षेत्र अध्यक्ष, हेमलाल यादव, सारिका यादव महासमुंद, जनक प्रसाद यादव पूर्व उपसरपंच पतेरापाली, भानू प्रताप यादव, गैंदराम, गौतम यादव सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।







**परंपरा:** देवी देवताओं की शोभायात्रा निकालकर पहाड़ी क्षेत्र का किया भ्रमण

तीन दिवसीय मेले में होगा झांकर, पुजारी, बैगा, सिरहा सम्मेलन भी

# चंद्रमा की दुधिया रौशनी में लगा चौकसील मेला, प्रदेश के हजारों लोगों ने उठाया लुत्फ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर।

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 38 किलोमीटर दूर उदंती अभयारण्य के घने जंगल और पहाड़ी के ऊपर प्रदेश के प्रसिध्द धार्मिक स्थल चौकसील पहाड़ी के ऊपर गढ़िया माता के दरबार मे तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया है। आज शरद पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को इस मेला मे शामिल होने के लिए क्षेत्र सहित बस्तर, ओडिसा व प्रदेश के कोने कोने से आदिवासी समाज के हजारों लोग पहुंचे। मेला में शामिल होने देवी देवताओं के आने का सिलसिला एक दिन पहले मंगलवार से प्रारंभ हो गया था।

बुधवार को पहाड़ी के उपर मेले का आयोजन किया गया। क्षेत्र व बस्तर ,ओडिसा व प्रदेश के कोने कोने से देवी देवताओं की शोभायात्र भी पहुंची हुई थी। सुबह 52 गढ़ बारह पाली के हजारों लोगों ने चौकसील पहाड़ी के उपर गढ़हिया माता, गादी मां, माता कुलेश्वरी, बारह पाली के देवी देवताओं का विशेष पूजा अर्चना श्रृंगार किया। उसके बाद देवी देवताओं की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पहाड़ी के उपर देव स्थल का परिक्रमा कर रही हैं। देवी देवताओं के आकर्षक, हैरत अंगेज कर देने वाले नृत्य व शौर्य प्रदर्शन को देखने व उनसे आशीर्वाद लेने हजारों की संख्या में लोग पहुंचे हैं। आदिवासी भुंजिया नेता टीकम सिंह नागवंशी अर्जुन सिंह नायक, दीपक मंडावी, रूपसिंह मरकाम ने बताया दशहरा पर्व के बाद शरद पूर्णिमा से तीन दिनों तक यहां झांकर पुजारी बैगा सिरहा सम्मेलन का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इस आयोजन में प्रदेशभर से बैगा, सिरहा, पुजारी, झांकर पहुंच कर विचार गोष्ठी आयोजित करते है। देवी देवताओं व आदिवासी संस्कृति के संबंध में लोगों को बताया जाता है। देव पूजा पध्दति से अवगत कराया जाता है।



### बस्तर और ओडिशा से भी पहुंची देवी- देवताओं की शोभायात्रा

चौकसील गढ़हिया माता स्थल पर तीन दिवसीय मेले में शामिल होने क्षेत्र के साथ बस्तर, ओडिशा से बड़ी संख्या मे देवी देवता डांग, डोली, बाना के साथ पहुंचे हैं। देवी देवताओ की आज दोपहर पूजा अर्चना कर शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा पहाड़ी के उपर माता के दरबार तक परिक्रमा करने पहुंची। साथ ही हजारों लोग की भीड़ भी माता के जयकारों के साथ परिक्रमा की। साथ ही रातभर गोण्डी धर्म संस्कृति से संबंधित झाखर पुजारी बैगा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से संबंधित चर्चा की गई। लगभग 25 हजार लोगों के लिए समिति द्वारा महाभण्डारा भोजन की व्यवस्था की गई है। चौकसील पहाड़ी में बिजली की व्यवस्था नहीं है, लेकिन शरद पूर्णिमा की रात यहां चंद्रमा की रौशनी मे पूरी रात विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं जो अपने आप में एक मिसाल है।



### पूजा- अर्चना कर क्षेत्र के लिए सुख शांति, समृद्धि की कामना की

आदिवासी संस्कृति अनुसार चौकसील में मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में शामिल होने जिला पंचायत गरियाबंद के उपाध्यक्ष संजय नेताम एवं सभापति लोकेश्वरी नेताम व विभिन्न राजनीतिक दलों के राजनेता, जनप्रतिनिधि, अफसर, ग्रामीणजन यहां पहुंचकर विशेष पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख- शांति, समृध्दि और खुशहाली की कामना की।

### 8 किमी कच्चे रास्ते को तय करने में भीड़ के कारण लग रहे तीन घंटे

बम्हनीझोला तक नेशनल हाईवे मार्ग के बाद चौकसील पहुंचने के लिए 8 किलोमीटर कच्ची सड़क से होकर जाना पड़ता है। सड़क को वन विभाग, पंचायत एंव ग्रामीणजनों के सहयोग से निर्माण किया जाता है। यहां मोटर सायकल, ट्रैक्टर, जीप, पिकअप, बैलगाड़ी और घोड़ा सहित अन्य साधनों से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से लोग शामिल होने हजारों की संख्या में आ रहे हैं। जिसके कारण जाम की स्थिति हो गई। भीड़ के कारण 8 किलोमीटर का सफर तय करने में 3 घंटे से ज्यादा समय लग रहा है।

## बोड़की में बनाया गया शिव चबूतरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

शरद पूर्णिमा पर ग्राम बोड़की के नया तालाबड़पार में शिवलिंग की स्थापना की गई है।

नेतराम सिन्हा उपसरपंच, शीतल सिन्हा, थन्नुराम साहू, चमेली साहू द्वारा उक्त शिव चबूतरा को बनवाया गया है। पुरोहित पंडित सतीश दुबे तरीघाट के मुखारविंद से मंत्रोच्चार यज्ञ हवन कराया गया। इस मौके पर कुंभराम सिन्हा, भारत साहू, धामबाई साहू, तनु साहू, राणु यादव, मुकेश सिन्हा, रामकुवंर यादव, लोकेश सेन सदाराम नागरची आदि उपस्थित थे।

### पाल वाली नाव में 8 घंटे में चले 30 किलोमीटर

**महासमुंद।** लेफ्टिनेंट कमांडर पी अनिरूध कमान अधिकारी एवं नौ सैनिकों 1 सीजी नेवल यूनिट एनसीसी रायपुर रायपुर की अगुवाई में चौथा दिन भी पाल नौकायन शिविर रोमांचक रहा। सुबह 7 बजे से पाल नौकायन (सैलिंग एक्स्पीडिसन शिविर) शुरू कर 30 किलोमीटर का सफर तय करते हुए शाम 3 बजे वापसी के साथ पूरा हुआ। 4 बजे कैडेटों के द्वारा ग्राम कोडार में स्वच्छता रैल एवं नाटक-नुक्कड़ किया गया। ग्रामवासियों को नाटक-नुक्कड़ के माध्यम से कैडेटों ने स्वच्छता एवं बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश के देते हुए जागरूक किया।



## डॉ. रमन को बधाई देने उपाध्याय पहुंचे राजनांदगांव



राजिम। राज्य के पूर्व सीएम छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को जन्मदिन की बधाई देने पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय राजनांदगांव पहुंचे। डॉ. सिंह को बुके भेंट कर बधाई दी। श्री उपाध्याय के साथ पूर्व मंडल अध्यक्ष सोमप्रकाश साहू थे।

फांसी पर लटकता मिला शव

## जेब से सुसाइड नोट मिला लेकिन, जताई जा रही हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सूदखोरों के दबाव में आकर जीवन समाप्त किए जाने का एक और मामला बुधवार को सामने आया। शहर के चोरभट्ठी मार्ग में नीलगिरी पेड़ की नर्सरी में एक युवक की फांसी पर लटकी हुई लाश की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस को जानकारी मिली कि युवक नयापारा निवासी हेमंत पिता शंकर साहू (32) की है। मृतक के जेब से सुसाइड नोट भी पुलिस ने बरामद किया है।



मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक हेमंत साहू सूदखोरों से बहुत परेशान था, उसे डराया-धमकाया जा रहा था। बीती रात भी सूदखोरों के कुछ गुर्गे हेमंत के घर पहुंचे थे, और घंटों हंगामा होने के साथ उसे फोन में डराया धमकाया गया। इसके बाद से युवा के घर से लापता हो गया था जिसकी लाश बुधवार सुबह वार्ड नीलगिरी प्लांटेशन में पेड़ पर लटकी मिली। मामले में हत्या का भी अंदेशा व्यक्त किया जा रहा है क्योंकि लाश की न तो जीभ बाहर निकली मिली और न ही आंखें खुली थी। इस स्थिति में यह भी कहा जा रहा है कि युवक की पहले ही मौत हो चुकी थी बाद में उसे आत्महत्या साबित करने फंदे पर लटकाया गया है। मामले में नयापारा की एक महिला का नाम चर्चा में है जो रकम के बदले मोटी ब्याज वसूली के मामले में चर्चित है। उसके द्वारा ही मृतक के घर गुर्गे भेजे और उसे डराया धमकाया गया। सूदखोरी के साथ उक्त महिला द्वारा सट्टा कारोबार भी संचालित किए जाने की बात सूत्र बताते हैं।

बता दें कि हेमंत कुमार साहू शिवालिक पावर प्लांट में मजदूरी का काम करता था। मृतका शादीशुदा है जिसका 5 साल का पुत्र दिव्यांश साहू और एक पुत्री 3 साल के होने की जानकारी मिली है। स्थानीय वार्डवासियों ने बताया कि हेमंत के घर पर मंगलवार शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक गुर्गों ने उत्पात मचाया। घर पर नही होने के कारण महिला द्वारा हेमंत को लगातार फोन से धमकाया गया। पश्चात हेमंत की लाश संदेहास्पद अवस्था में अवस्था में मिली जिस पर सिटी कोतवाली पुलिस जांच कर रही है। मामले में मृतक के कॉल रिकाड्‌र्स चेक किए जाएं तो पुलिस के हाथ अहम सुराग लगेंगे।

## रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली में दबने से युवक की मौके पर ही मौत, आरोपी चालक पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खट्टी में ट्रैक्टर ट्राली में दबने से एक युवक के मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खट्टी में युवक जनेश्वर अपने घर की दीवार से सटकर खड़ा था। इस दौरान गली से गुजर रही ट्रैक्टर ट्रॉली का पहिया नाली में धंस गया। जिससे ट्रॉली और दिवार के बीच खड़ा युवक दर्दनाक तरीके से दब गया और उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने ट्रॉली को धक्का देकर हटाने का प्रयास किया। लेकिन, रेत से भरे ट्रॉली को हटाने में काफी देर हो गई और तब तक युवक अपने प्राण खो चुका था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सिटी कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले ट्रॉली से रेत खाली कराया और फिर शव को बाहर निकाला। सिटी कोतवाली प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया गया है। पंचनामा के बाद आरोपी ट्रैक्टर क्र. सीजी 06 जीवी 1992 चालक के खिलाफ 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है ।

## पटवारी कार्यालय के समक्ष होगा अटल परिसर निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग की अध्यक्षता में अध्यक्ष सभाकक्ष में प्रेसीडेन्ट इन कौसिल (पीआईसी) की बैठक हुई। बैठक में कुल 12 प्रस्ताव लाए गए, जिस पर चर्चा पश्चात सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

बैठक में नपा उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, सभापति बबलू हरपाल, सरला गोलू मदनकार, निखिलकान्त साहू, पवन पटेल, डमरूधर मांझी, सीएमओ विजय पांडेय, उप अभियंता शंकर दयाल शर्मा, करण यादव, गुमान ध्रुव मौजूद रहे।



### इन प्रस्ताव पर हुई चर्चा

जाति एवं मूल निवास के प्राप्त आवेदनों पर जाति एवं निवास निर्णय। वार्ड 03 एवं 18 में मोबाइल टॉवर के प्राप्त शिकायत पर निर्णय। पार्षद निधि से डस्टबीन क्रय किया जाएगा। पार्षद निधि / अन्य मद से निर्माण कार्य के लिए जोनल टेंडर आंमत्रित किया जाएगा। विभिन्न वार्डों में जीर्ण-शीर्ण सड़क मरम्मत / बीटीरोड पेच रिपेयर कार्य के कार्योत्तर अनुमोदन एवं अंतिम देयक को स्वीकृति प्रदान किया गया। पार्षद निधि से विभिन्न वार्डो में बोर कराया जाएगा। वार्ड 8 मोहम्मद हनीफ कुरैशी के जल शुल्क समस्या का निराकरण पर निर्णय लिया गया। अध्यक्ष द्वारा 24 सितंबर 2024 से 14 अक्टूबर 2024 तक विभिन्न कार्यों के लिए पीआईसी की प्रत्याशा में दिए गए प्रस्तावों की स्वीकृति। वार्ड 15 पटवारी कार्यालय के सामने अटल परिसर स्थापना का निर्माण किया जाएगा। पटवारी कार्यालय के पीछे सामुदायिक भवन प्रथम तल काव्यांश भवन निर्माण पर निर्णय के साथ ही शहर इंदिरा मार्केट की जर्जर दुकानों की मरम्मत का प्रस्ताव पारित किया गया।


कन्या छात्रावास में छात्राओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं से हुए रूबरू

# कलेक्टर ने छात्रावास, स्कूल और अस्पताल का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सरायपाली विकासखंड अंतर्गत कन्या छात्रावास, स्कूल, हॉस्पिटल एवं निर्माणाधीन आदिवासी छात्रावास का औचक निरीक्षण कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बुधवार को किया। इस दौरान कलेक्टर ने कन्या छात्रावास में छात्राओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं और जरूरतों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं के लिए भोजन, पानी और स्वच्छता की स्थिति की समीक्षा की। छात्राओं से पढ़ाई और अन्य सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। स्कूल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति और कक्षाओं का अवलोकन किया। स्कूल में शिक्षा के स्तर और अन्य गतिविधियों को पाठ्यक्रम में शामिल करने के निर्देश दिए।

इसी तरह उन्होंने 100 बिस्तर अस्पताल की सुविधाओं का जायजा लिया। जहां चिकित्सा सुविधाओं और दवाओं की



उपलब्धता की जांच की। डॉक्टरों और स्टाफ से रोगियों के इलाज और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। निर्माणाधीन आदिवासी हॉस्टल के निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ठेकेदार और अधिकारियों को समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने सरायपाली गौरव पथ के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण की धीमी प्रक्रिया पर नाराजगी जताते हुए समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी तरह की कमी को तत्काल दूर किया जाए और नियमित निगरानी रखी जाए ताकि सुविधाओं में सुधार हो सके और बेहतर सेवाएं मिलें। इस दौरान एसडीएम सरायपाली नम्रता चौबे, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, तहसीलदार श्रीधर पंडा एवं संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने रथ को हरी झंडी दिखाकर कौशल पखवाड़ा का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

विकासखण्ड मैनपुर के ग्राम पंचायत शोभा से कौशल पखवाड़ा रथ को कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने हरी झण्डी दिखाकर कौशल पखवाड़ा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीता यादव, संयुक्त कलेक्टर नवीन कुमार भगत, अनुविभागीय अधिकारी पंकज डाहिरे, सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण सृष्टि मिश्रा एवं जनप्रतिनिधि जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम, जनपद पंचायत सदस्य घनश्याम मरकाम, मनोज भिमा, ग्राम पंचायत शोभा, कुचेंना, कोकड़ी, गोरेगांव, शुक्लाभाठा के सरपंच

## युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने एवं आत्मनिर्भर बनाने 25 तक चलेगा अभियान

### फिंगेश्वर में आज, छुरा में कल होगा शिविर

सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण ने बताया कि जिले में कौशल पखवाड़ा के अंतर्गत विकासखण्डों के दो-दो ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी कड़ी में 17 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई फिंगेश्वर, 18 को आईटीआई छुरा, 21 को हायर सेकेण्डरी स्कूल कौंदकेरा, 22 को हायर सेकेण्डरी स्कूल लाटापारा देवभोग एवं आईटीआई देवभोग, 23 को आमदी, 24 को आईटीआई मैनपुर एवं 25 अक्टूबर को हायर सेकेण्डरी स्कूल मुड़ागांव (छुरा) में कौशल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया जायेगा।




### शिविर में इन विधाओं का मिलेगा प्रशिक्षण

शिविर में न्यूनतम कक्षा 5वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते हैं। शिविर में 14 से 45 वर्ष आयु के कौशल प्रशिक्षण देने के इच्छुक युवा शामिल होकर काउंसिलिंग फार्म भर सकेंगे। काउंसिलिंग पश्चात पंजीकृत वीटीपी के माध्यम से चयनित हितग्राहियों को डाटा एन्ट्री, आफिस असिस्टेंट, सुरक्षा गार्ड, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, टैक्सी ड्रायवर, ब्यूटी पार्लर, टेलर, इलेक्ट्रीशियन सहित अन्य विधाओं का आवासीय एवं गैर आवासीय कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

उपस्थित रहें। जिले में 25 अक्टूबर तक कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया जायेगा। इसके तहत जिले के विभिन्न जगहों पर कौशल शिविर लगाकर युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के स्वरोजगार के माध्यमों के बारे में जानकारी दी जाएगी। आज शोभा में आयोजित जिला स्तरीय शिविर में कौशल प्रशिक्षण के बारे में 100 से अधिक लोगों को समझाया गया। युवाओं से ब्यूटी पार्लर, ड्राईविंग, कम्प्यूटर, रिटेल इत्यादि कोर्स के लिए आवेदन फार्म जमा लिया गया। कौशल पखवाड़ा शिविर का आयोजन जिले के सभी विकासखण्ड गरियाबंद, मैनपुर, फिंगेश्वर, छुरा एवं देवभोग के चयनित ग्राम पंचायत में किया जायेगा, जिसमें बेरोजगार युवा कौशल प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर लाभ ले सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### शराब पीने के लिए पैसा नहीं दिया तो डंडे से मारा

**महासमुंद**। शराब पीने के लिए पैसे नहीं दिए जाने पर बसना थाना क्षेत्र के ग्राम नरसिंगपुर में एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। ग्राम नरसिंगपुर वार्ड नं. 06 निवासी विकास कुमार ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को सुबह करीबन 10:30 बजे वह अपने दुकान से घर नाश्ता करने जा रहा था। जयंती घर के सामने पहुंचने पर ग्राम जगदीशपुर निवासी वर्गीस कुमार ने शराब पीने के लिये पैसे मांगा। विकास ने पैसा नहीं है कहा तो आवेश में आकर वर्गिस ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए पास में पड़े बांस के डंडे से वार कर दिया।

## पेज 11 के शेष

### राजस्व व आदिवासी ...

में एक औपचारिक शिकायत दर्ज की गई, तब भर्ती प्रक्रिया की कलई खुल गई। शिकायत के बाद जांच तेज हुई और कलेक्टर ने तुरंत प्रभाव से दस्तावेज सत्यापन पर रोक लगाने के आदेश दिए। चौंकाने वाला स्कोर और अभ्यर्थियों की आपत्तियां : राजस्व विभाग में भी गड़बड़ियों की शिकायतें सामने आई हैं। एक महिला अभ्यर्थी ने शीघ्र लेखन परीक्षा में 75 में से 74.25 अंक और टाइपिंग में 25 में से 24.8 अंक हासिल किए। पहला रैंक लाए अभ्यर्थी ने 99.05 अंक हासिल किया है। इतना ही नहीं, कौशल परीक्षा का परिणाम न तो सार्वजनिक किया गया और न ही इसे अपलोड किया गया। इस गोपनीयता ने पूरे भर्ती प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**दस्तावेज सत्यापन स्थगित, अब आगे क्या** : भर्ती के लिए योग्य और प्रतीक्षा सूची में शामिल अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन 15 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय गरियाबंद में होना था। लेकिन, इसी दिन यह प्रक्रिया कलेक्टर के आदेश पर स्थगित कर दी गई। अब भर्ती प्रक्रिया पर भविष्य में क्या कदम उठाए जाएंगे, इसका इंतजार किया जा रहा है।

### 3 करोड़ में होगा...

अंतर्गत रायपुर राजिम रोड लाइट की रोशनी से जगमगा उठेगा साथ ही वार्ड क्रमांक एक दो तीन एवं चार के लिए अलग से पेयजल की व्यवस्था हेतु 2 करोड़ 46 लाख रुपए का प्रस्ताव शासन को 15वें वित्त के अंतर्गत भेजा गया था जिसकी स्वीकृति भी प्राप्त हो गई है आने वाले समय में उक्त चारों वार्ड के वासियों को 1 साल के अंदर पेयजल की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा।

### प्रधान पाठक को...

जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व माध्यमिक शाला मैनपुरकला में 72 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है जिसमें मात्र दो शिक्षक है एक शिक्षक हमेशा कार्यालयीन कार्य में व्यस्थ रहते हैं जिसमें बच्चों की पढ़ाई में बाधा पहुंच रही है। ग्रामीणों ने बताया दो दिन के भीतर महेश राम वर्मा एल बी को पुनः पूर्व मा.शाला मैनपुरकला पदस्थ किया जाए अन्यथा सैकड़ों की संख्या में मैनपुरकला ग्रामवासी एवं छात्र-छात्राएं बीईओ कार्यालय का घेराव करेंगे।

## प्रेसवार्ता: कलेक्टर अग्रवाल ने पत्रकारों को दी जानकारी

# जिले के पांच नगरीय निकायों में 35 हजार 788 मतदाता पंजीकृत

**गरियाबंद**। छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली तैयार किए जाने के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार आज जिले के नगरीय निकायों के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है। सूची का प्रकाशन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम कार्यालय गरियाबंद, छुरा एवं राजिम तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसील कार्यालय गरियाबंद, छुरा, राजिम, फिंगेश्वर एवं नगरीय निकाय कार्यालय गरियाबंद, छुरा, फिंगेश्वर, राजिम एवं कोपरा में किया गया है। आमजन मतदाता सूची में अपना नाम का अवलोकन कर सकते है।

- पंचायत निर्वाचन हेतु मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 24 अक्टूबर को

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने इस संबंध में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेस एवं मीडिया के प्रतिनिधियों के समक्ष प्रेस वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची प्रकाशन के पश्चात अब मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन का अभियान चलेगा। मतदाता सूची में मतदाता अपने नाम की जांच कर सकेंगे। यदि किसी मतदाता का नाम सूची में नहीं है या उसमें किसी प्रकार की त्रुटि है, तो वे सुधरवा सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने इसके लिए एक विशेष प्रक्रिया निर्धारित की है, जिसके तहत मतदाता सुधार, नाम जुड़वाने या हटाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। तत्पश्चात मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 नवंबर को किया जाएगा।




कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि जिले के पांचों नगरीय निकायों में प्रत्येक में 15 वार्ड है। इस प्रकार जिले के कुल 75 नगरीय निकाय वार्डो में 75 मतदान केंद्र बनाए गए है। 1 जनवरी 2024 अर्हता तिथि के संदर्भ में प्रारम्भिक प्रकाशन के अनुसार पांचों नगरीय निकायों में कुल 35 हजार 788 मतदाता पंजीकृत है। इनमें 17 हजार 190 पुरुष एवं 18 हजार 595 महिला मतदाता शामिल है। मतदाता सूची अनुसार नगर पालिका परिषद गरियाबंद में 8 हजार 14, नगर पंचायत राजिम में 10 हजार 875, नगर पंचायत फिंगेश्वर में 6 हजार 947, नगर पंचायत छुरा में 5 हजार 64 एवं नगर पंचायत कोपरा में 4 हजार 888 मतदाता पंजीकृत है।

**ये रहे मौजूद** : प्रेस वार्ता में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश गोलछा, जनसंपर्क अधिकारी हेमनाथ सिदार, बी.के रात्रे सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

### त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन, दावा- आपत्ति 29 तक

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने प्रेस वार्ता में कहा कि 1 जनवरी 2024 के संदर्भ में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। तत्पश्चात मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने जिलेवासियों से इस अभियान में जागरूक होकर भाग लेने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 24 अक्टूबर को किया जाएगा। साथ ही 24 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक दावा आपत्तियां प्राप्त की जाएगी। दावा आपत्ति के निराकरण की अंतिम तिथि 4 नवंबर निर्धारित की गई है। इसके पश्चात मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 29 नवंबर को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में जाबो अंतर्गत मतदाता जागरुकता कार्य किए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला स्तर पर नोडल अधिकारी तथा सहायक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं।

# समाजसेवी रूप सिंह के जन्मदिन पर हुए विविध कार्यक्रम





**छुरा**। समाज सेवी रूप सिंह साहू के जन्मदिन 14 अक्टूबर को विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विभिन्न ग्राम के सरपंच, युवाओं एवं समाजसेवियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। रक्तदान और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में पहुंचकर लोगों ने लाभ उठाया। ज्ञात हो की समाजसेवी रूप सिंह साहू विगत 15 सालों से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में लोगों के इलाज में शासन और मरीज के बीच एक सेतु का काम कर रहे हैं। जिसका लाभ हर गांव में किसी ना किसी को अवश्य मिला है। इसलिए लोग जब मेकाहारा जैसे बड़े अस्पतालों में इलाज करने आते हैं तो उनसे मिलकर अपनी समस्याएं रखने पर उन्हें यथासंभव चिकित्सा सेवा प्रदान की जाती है। साथ ही साथ शासन के विभिन्न योजनाओं से उन्हें लाभान्वित किया जाता है। उनके जन्मदिन सहित विभिन्न कार्यक्रमों में लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। रानीपरतेवा, करचाली, टेगनाबासा, पंक्तियां और अचंल वासी विक्रम कंवर सरपंच करचाली, गणेश ध्रुव सरपंच पंक्तियां ,भानु प्रताप साहु ,देवनारायण साहू ,कुलदीप यदु , कुणाल नेताम ,सोमन गिरी, कोमल गिरी, डा. विजय साहू ,कृष्ण कुमार गोस्वामी ,दीपक नेताम ,पुनारद निषाद, सुखी राम ,हेमलाल पाडे, गिरधारी निषाद ,विष्णु निषाद ,जागेश्वर निषाद ,मेवा राम ,परमेश्वर साहु ,उमेश साहू, उप सरपंच गिरधर निषाद ,छगन निषाद, दानेश्रर सिन्हा, हिरा धर सेन अध्यक्ष सेन समाज प्रदेश, नारायण साहु ,बलराम विश्वकर्मा, चेतन यादव ,टंकेश्वर सिन्हा ,एवं छुरा अंचल के कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों विभिन्न माध्यमों से भी शुभकामनाएं प्रेषित की है।

- रक्तदान और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लोगों ने लिया लाभ

## पवन साय व सांसद बृजमोहन का नवापारा में हुआ स्वागत



**नवापारा-राजिम**। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय तथा रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक इंद्रकुमार साहू, राजिम विधायक रोहित साहू का पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल ने स्वागत-सम्मान किया। वे एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने नवापारा पहुंचे थे।

# रक्तदान कर दूसरों को नया जीवन दें युवा

**छुईहा बेलर**। रक्तदान एक ऐसा महादान है, जिससे किसी को नया जीवन मिल सकता है। समाज के एक जागरुक और जिम्मेदार नागरिक होने के नाते सभी को रक्तदान करना चाहिए। उक्त विचार पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू ने मार्डन बैंक रायपुर द्वारा ब्लड डोनेशन शिविर बाबा कुपि में कही। शिविर से पहले रामाधार ने लोगों को फोन रक्तदान करने प्रेरित किया। उन्होंने कहा युवा वर्ग किसी भी खुशी मौके पर फिजूल खर्ची करने की बजाए रक्तदान जैसे समाजहित के कार्य करने चाहिए, जिससे अन्य लोगों का भला हो सके तथा यह सबका कर्तव्य है कि युवा वर्ग को समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदार बनने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है बल्कि साथ-साथ में कुछ व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है, क्योंकि यह किसी भी रक्तदाता को पता नहीं होता कि उसके द्वारा दान किया गया रक्त कितने जरूरतमंद व्यक्ति को मिल रहा है। रामाधार साहू बताया कि क्षेत्र में रक्तदान के प्रेरणास्त्रोत समाजिक कार्यकर्ता रुपसिग साहू है, जिनके मार्गदर्शन में रक्तदान सहित स्वास्थ सेवा कार्य से जोड़ रहे हैं। इस मौके पर पुर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू, टिकेश साहू, रमाकांत साहू, रामजी साहू, भूनेश्वर साहू, मनोज यदु, नागेश चन्द्राकर, संदीप पांडेय, प्रकाश सिन्हा, कुलदीप यदू, भानुप्रतापपुर साहू, देवनाथ साहू ,जनक साहू,लाला साहू सोहन, भूनेश्वर साहू,खोमन साहू, रामकुमार साहू कोमल ढीढी, रूपेश साहू, ओमप्रकाश साहू का सहयोग विशेष था।




# शरद पूर्णिमा पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**छुरा**। ग्राम पंचायत चुरकीदादर में मंगलवार को शरद पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई। रात्रि कालिन कार्यक्रम लोक सरगम छुईहा राजिम संस्कृति विभाग द्वारा राजिम विधायक रोहित साहू के अनुशंसा से रखा गया था। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में तोकेश्वरी मांझी जनपद अध्यक्ष छुरा, क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य केशरी नोहर धुव छुरा ब्लॉक सरपंच संघ अध्यक्ष लेखराज धुवा, खेम लाल यादव वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, चुरकीदादर सरपंच चरण जगत मंचासीन रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तोकेश्वरी मांझी ने कहा कि शरद पूर्णिमा को रात्रि में अमृत की वर्षा होती हैं। खीर प्रसाद बनाकर खुले जगह रखकर 12 बजे के बाद वितरण किया गया। शरद पूर्णिमा के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में केश राम, देवनाथ साहु , हेमलाल यादव, आसपास के ग्रामीण महिलाएं पुरुष भारी संख्या में उपस्थित रहे।




# प्राथमिक शाला में पालकों और शिक्षकों की होगी नियमित बैठक

**राजिम**। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पथर्रा पीएम श्री प्राथमिक शाला में शासन के निर्देशानुसार पीटीएम का आयोजन किया गया। इस पीटीएम में दोनों शाला में पढ़ने वाले बच्चों के पालक बड़ी संख्या में शामिल थे। बता दें कि पिछले माह सभी स्कूलों में त्रैमासिक परीक्षा का आयोजन जिला स्तर पर किया गया था। मूल्यांकन कार्य पूर्ण होने के पश्चात पालको को उनके बच्चों की शैक्षणिक प्रगति से अवगत कराने एवं आने वाले दिनों में सभी बच्चों के स्तर में सुधार लाने पालक व शिक्षकों में सामंजस्य बढ़ाने के लिए पीटीएम मददगार बने इस उद्देश्य से इस प्रकार नियमित बैठकें की जाएगी। मेगा पीटीएम का द्वितीय आयोजन संकुल स्तर पर किया जाएगा। पहली बैठक में कक्षा पहली से आठवीं तक के प्रथम.,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को अतिथियों ने सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किया।




कार्यक्रम में नगर पंचायत राजिम की सभापति पुष्पा गोस्वामी, पीएमश्री शाला के एसएमसी अध्यक्ष राजेंद्र पाल, पूर्व माध्यमिक शाला के अध्यक्ष नरेश यादव ,दयानंद साहू, जगन्नाथ साहू,संजय सोनकर ,शंकर यादव., कमल साहू, दीपक वर्मा, सुनीता पाल., हेमिन यादव,कृष्णा पटेल मौजूद थे। पालकों ने इस अवसर पर शाला के विकास एवं शैक्षणिक गतिविधियों में पूरा सहयोग करने का वादा किया एवं पीएमश्री शाला में एक दिवस स्पोर्ट्स के लिए हाउस ड्रेस कोड के लिए सहमति दी।

पीएमश्री संस्था के शिक्षक निधि ठाकुर, प्रेमकुमारी साहू, रोशन पांडे, सुनीता साहू., वालिता साहू , राधेश्याम साहू, गीता साहू.,लक्ष्मी यादव. ने परीक्षा परिणाम की जानकारी दी। संचालन प्रधानपाठक आलोक शर्मा ने किया।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै श्रीमती बन्टी कसेर पिता स्व. सत्यानंद कसेर निवासी वार्ड क्र.-10 गोबरा नवापारा तह. गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. जो कि मेरे पिता अपने जीवन काल में ग्राम छाटा प.ह.न.-17 तह. गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.न.-77 रकबा 0.76 हे. भूमि एवं वार्ड क्र.-10 गोबरा नवापारा में स्थित आबादी भूमि जिसका रकबा 15x90=4500 वर्गफीट है जिसमें 3000 वर्गफीट पर मकान निर्मित है तथा 1500 वर्गफीट भूमि रिक्त है, को दिनांक 12/09/2021 को उप पंजीयन कार्यालय रायपुर में पंजीकृत वसीयतनामा का निष्पादन मेरे नाम पर कर दिया था।

उपरोक्त भूमि एवं मकान के नामांतरण के संबंध में तहसीलदार गोबरा नवापारा एवं नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा के समक्ष प्रकरण विचाराधिन है। उपरोक्त भूमि एवं मकान के संबंध में कोई भी व्यक्ति, संस्था, अर्धशासकीय संस्था के द्वारा किसी भी प्रकार का लेन-देन (क्रय, विक्रय) ना करे। ईश्तहार प्रकाशन के बाद भी कोई उपरोक्त भूमि एवं मकान के संबंध में किसी प्रकार का लेन-देन (क्रय विक्रय) का इकरार करता है तो उसकी समस्त जवाबदारी उनकी स्वयं की होगी।

सो सूचना जाने
16 OCT 2024






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508130

**खबर संक्षेप**

## नवदीप जन कल्याण सेवा समिति ने उठाई शहर में सड़क चौड़ीकरण की मांग



**राजिम।** नवदीप जन कल्याण सेवा समिति व राजिम नगर विकास मंच के अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने कहा है कि अभनपुर से पांडुका, पोड़ तक गरियाबंद रोड में राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा चौड़ीकरन का कार्य किया गया है, परंतु राजिम शहर के पं. श्यामाचरण शुक्ला चौक से प्रेम रतन मैरिज पैलेस तक 2 किलोमीटर शहरी क्षेत्र को छोड़ दिया गया है, जिसका चौड़ीकरन नहीं किया गया है। क्या ये 2 किलोमीटर की सड़के टेंडर में शामिल किया गया था? या नहीं इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों द्वारा नहीं दी जा रही है, जबकि राजिम शहर का यह सबसे ज्यादा व्यस्ततम व ट्रैफिक वाला मार्ग है। चौड़ीकरण न किए जाने के कारण आए दिन दुघर्टना होती रहती है। बता दें कि इस सड़क को कुर्रा से नेहरू पुल तक फोरलेन किया गया है, उसी की तर्ज़ पर पं. श्यामाचरण शुक्ल चौक से सिंधोरी तक फोरलेन सड़क बनाने की जरूरत है।


## वाहन चालक और आरक्षक को चकमा देकर आरोपी फरार

**महासमुंद।** सरायपाली थाने में आबकारी अभिरक्षा से फरार होने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोप है कि आरोपी वाहन से उतरते वक्त चालक और आरक्षक को चकमा देकर फरार हो गया। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, आबकारी वृत्त सरायपाली द्वारा मंगलवार के दिन ग्राम नूनपानी में आरोपी मधुसूदन साहू पिता कौशल साहू (29 वर्ष) निवासी नूनपानी के रिहायशी मकान से 20 बल्क लीटर एवं 550 किलोग्राम महुआ लाहन तथा मदिरा निर्माण सामग्री बरामद किया गया था और आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) ए, एफ,इ, 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया था। आरोपी को न्यायालय में पेश किए जाने हेतु सीएचएसी सरायपाली में चिकित्सक से शारीरिक परीक्षण कराया गया। इसके पश्चात आबकारी नियंत्रण वृत्त सरायपाली में सीजी 06 जीपी 4120 वाहन से उतरते वक्त दोपहर करीब 2:30 बजे चालक एवं आरक्षक राज किशोर पांडे को चकमा देकर आरोपी फरार हो गया।

# शरद पूर्णिमा पर हुआ प्रज्ञा योग केंद्र का शुभारंभ, निकाली गई कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)





ग्राम खड़मा में संरक्षक गायत्री शक्तिपीठ छुरा संयोजक गायत्री परिवार इकाई मड़ेली के तत्वावधान में प्रज्ञा योग केन्द्र का शुभारंभ शरद पूर्णिमा पर किया गया। इस अवसर पर खड़मा निवासी चंदन सिंह ठाकुर के निज निवास में नवनिर्मित प्रज्ञायोग केन्द्र प्रतिष्ठा देव स्थापना एवं गायत्री महायज्ञ का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ 15 अक्टूबर को प्रातः 7 से सायं 7 बजे अखंड गायत्री जाप एवं कलश यात्रा से किया गया और दूसरे दिन 16 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे से कलश देव पूजन प्रज्ञा योग केन्द्र प्रारंभ हुआ, जिसमें गायत्री परिवार महासमुंद के पं. प्रभात उपाध्याय, श्याम कुमार दुबे, नरेंद्र कुमार नायक, चुन्नी लाल साहू, अशोक शर्मा, हरिशंकर सिन्हा, हीराराम हिरवानी द्वारा गायत्री मंत्रोच्चार एवं हवन पूजन प्रवचन से किया गया। इस अवसर पर पांच कुण्डीय गायत्री यज्ञ एवं अखंड जाप सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में छुरा अंचल के गायत्री परिजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रज्ञायोग केन्द्र का निर्माण चंदनसिंह ठाकुर शिक्षक द्वारा स्वयं के व्यय से किया गया है, जिसमें प्रमुख गायत्री परिजन शामिल हुए। टीकम राम साहू, जिला समन्वयक तीजूराम साहू, भोपाल राम सिन्हा, सुखीराम साहू शिक्षक, दादूराम यादव, परमेश्वर पटेल, राधेलाल पटेल, रामअवतार यादव, तुलसी राम साहू, देवाराम साहू, मालिक राम साहू ,घेवर चंद निषाद, ठाकुर राम यादव,बेदराम नंदे, श्रवण दिवान, प्यारी राम दीवान, कंवल निषाद,बोधीराम साहू, चेतन यदु, प्रभु सिन्हा, तेजराम ध्रुव, नोहर साहू, लिकम पटेल,तिहारुराम साहू, नारायण,पोखन ठाकुर, भुनेश्वर, राधेलाल पटेल आदि गायत्री परिवार एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए।

**आयोजन : राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर**

# शिविर में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता के साथ निराकरण करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

विकासखण्ड के दूरस्थ वनांचल ग्राम शोभा में बुधवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल,पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेजा,जिला पंचायत सीईओ रीता यादव,जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम,जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम, जनपद सदस्य घनश्याम मरकाम, मनोज मिश्रा,भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा,भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिंन्हा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागो के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

- गरियाबंद कलेक्टर अग्रवाल ने ग्रामीणों का सुनी समस्याएं व मांग

शिविर में राजस्व, पंचायत, कृषि, क्रेडा, वन, स्वास्थ्य, पीएचई, महिला एवं बाल विकास, उद्योग, शिक्षा, आदिवासी विकास, विद्युत, श्रम, समाज कल्याण एवं अन्य विभागों द्वारा आमजनों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित 237 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। लंबी प्रक्रियाओं वाले एवं उच्च कार्यालयों के मार्गदर्शन से संबंधित आवेदनों के निराकरण के बारे में आवेदकों को अवगत कराया गया। शिविर में जिला अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी शिविर में मौजूद लोगों को भी दी।



### गर्भवती महिलाओं की गोद भराई के साथ ही बच्चों का अन्नप्रासन

कार्यक्रम में कलेक्टर एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत 5 बच्चों का अन्नप्रासन एवं करवाया, साथ ही 5 गर्भवती महिलाओं को गोद भराई की रस्म के तहत पोषण आहार किट भी प्रदान किया। साथ ही कृषि विभाग द्वारा 3 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, खाद्य विभाग द्वारा 8 राशनकार्ड, 2 मछली पालक किसानों को मछली जाल, पीएम सम्मान निधि 5 किसानों को दिया गया। इसी प्रकार समाज कल्याण विभाग द्वारा 3 हितग्राही को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया।

कलेक्टर, एसपी ने शिविर में मौजूद अतिथियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। साथ ही हितग्राहियों को विभागीय योजना के तहत सामग्री वितरण कर मौके पर ही लाभान्वित किया। शिविर में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक माह दो जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज शोभा में शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि राजापड़ाव क्षेत्र अंतर्गत गांवों में समस्याओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों का जिला प्रशासन द्वारा तत्परता से निराकरण किया जाएगा। क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था आवश्यकतानुसार की जा रही है। साथ ही स्कूल मरम्मत, सड़क, पुल - पुलियों, विद्युत एवं अन्य समस्याओं का प्राथमिकता से त्वरित निराकरण किया जाएगा। क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत नल जल कनेक्शन प्रदान किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि शिविर में सभी विभागों के स्टॉलों में लोगों की समस्याओं से संबंधित आवेदन लिए गए। साथ ही उनका निराकरण भी किया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को तत्परता एवं गंभीरतापूर्वक ग्रामीणों के आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

### शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने लगाया गया: एसपी

इस अवसर पर जिले के नवनियुक्त एसपी निखिल अशोक कुमार राखेजा ने कहा कि शासन के मंशानुसार लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी लेकर उनका लाभ लेने की अपील की। जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने कहा कि लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। ग्रामीणों को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक रहने एवं आवश्यकतानुसार निःशुल्क इलाज प्राप्त करने का भी संदेश दिया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर प्रमुख रूप से जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्यकार्यपालन अधिकारी डीके नागवंशी,जिला शिक्षा अधिकारी एस शास्वत,बीईओ महेश पटेल,बीआरसीसी एस के नागे,महिला बाल विकास अधिकारी पी के ठाकुर,कृशी अधिकारी भावेश साडिल्य,मनरेगा परियोजना अधिकारी रमेश कंवर, बीएमओ गजेन्द्र ध्रुव, डा. योगेश नायक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# ग्रामीणों की समस्याओं से रुबरु हुए विधायक जनक ध्रुव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव पिछले चार दिनों में मैनपुर देवभोग विकासखण्ड क्षेत्र के दूरस्थ वनांचलों के ग्रामों में लगातार जनसम्पर्क कर रहे हैं। सुबह 10 से देर रात 11 बजे तक विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। चार दिनों के भीतर 75 ग्रामों का दौरा उन्होंने किया और गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से उनकी समस्याओं को सूना। एक दर्जन से ज्यादा ग्रामों रंगमंच, सीसी रोड़ एवं अन्य विकास कार्यो के लिए विधायक मद से राशि देने की बात कही। मैनपुर क्षेत्र के दूरस्त वनांचल में बसा कमार जनजाति ग्राम छिन्दौला पहुंचे जनक ध्रुव का ग्रामीणों ने आत्मीयता से स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने पूरे गांव का पैदल भ्रमण किया और घर-घर तक पहुंच कर कमार जन जाति के ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान छिन्दौला के ग्रामीणों ने विधायक को बताया जल जीवन मिशन योजना के तहत गांव में एक वर्श से ज्यादा समय हो गया सोलर पंप द्वारा पानी टंकी का निर्माण कर घर-घर नल कनेक्शन दिया गया है, लेकिन दो तीन नलो में ही पानी आ रहा है। पूरे गांव के लोग नदी नाले और झरीया का पानी पिने मजबूर हो रहे हैं। कई बार सुधार करने की मांग कर चूके हैं, लेकिन अब तक मरम्मत नहीं की गई। संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसी इस ओर ध्यान ही नहीं दे रहा है। विधायक ने तत्काल संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन कर नल जल योजना को ठीक करने और ग्रामीणों के घरों तक पानी पहुंचाने निर्देश दिए। छिन्दौला स्थित उपस्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन खण्डहर में तब्दील हो गया है जिसके कारण इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने नया उपस्वास्थ्य केन्द्र और स्वास्थ्य कार्यकर्ता तैनात करने की मांग की है। इस दौरान आश्रम छात्रवास का निरीक्षण किया जहां बच्चों को मिलने वाले सुविधाओं के बारे मे जानकारी लिया। विधायक जनक ध्रुव ने कहा ग्रामीणों के द्वारा जो भी मांग पत्र दिया गया है उसे पूरा किया जायेगा। इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव,महामंत्री गैंदू यादव,निहाल नेताम,सोहन नागेश,डोमार साहू,रोशन राठौर,रामसिंह नगेश,सरपंच घन"याम नागेश व बड़ी संख्या में

- चार दिनों में 75 ग्रामों का किया दौरा, ग्रामीणों ने जगह-जगह किया स्वागत

# कॉलेज में महाविद्यालय स्तर पर होगी चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता




**छुरा।** नगर के शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय में जनजातीय समाज प्रमुखों की बैठक मंगलवार को हुई। राज्य के जनजातीय समुदाय तथा उनकी परंपराओं का छत्तीसगढ़ की इतिहास संस्कृति कला एवं अन्य क्षेत्र में विशेष योगदान एवं गौरवशाली अतित को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के लिए समिति गठित की गई, जिसमें महाविद्यालय के प्रोफेसरगण, आदिवासी समाज के समाज प्रमुख, विद्यार्थी को रखा गया। सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि 23 अक्टूबर को महाविद्यालय स्तर पर चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता 24 अक्टूबर को प्रातः 11 से आमंत्रित अतिथियों द्वारा उद्बोधन कार्यक्रमों, चित्रकला प्रदर्शन, जनजाति नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गीत, लघु चलचित्र संगीत प्रदर्शन होगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रमुख रूप से छत्तरसिह ठाकुर, नीलकंठ ठाकुर, केसरी ध्रुव, तोकेश्वरी मांझी, लेखराज धुर्वा, कुलेश्वर दाऊ, विष्णु नागेश, थानेश्वर कंवर, देवेश ठाकुर शीतल ध्रुव, प्राचार्य सी एच पटेल, सहायक प्राध्यापकगण डीपी सिंह, सी पी सिंह , रागिनी ठाकुर, रीना वर्मा, नरसिंग सोम इस बैठक में सम्मिलित हुए। नीलकंठ ठाकुर ने कहा सभी समाज प्रमुखों को आमंत्रित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक सम्मिलित होने की अपील की है। प्रदर्शनी में शहीद वीर नारायण ,रानी दुर्गावती ,तिलका मांझी ,बिरसा मुंडा , गोविंद गुरु ,राणा पूंजा भील ,वीर सुरेंद्र साय, नारायण सिंह ,वीर बुधु भगत ,नानक जी भील, मांदरी मालो, इत्यादि आदिवासी पुरखों की प्रदर्शनी होगी।

## जपं अध्यक्ष ने किया विकास कार्य का भूमिपूजन

**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत बेलर में बुधवार को विकास कार्य का भूमिपूजन मुख्यातिथि जनपद पंचायत फिगेंश्वर अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू ने किया। ग्राम पंचायत बेलर के विभिन्न वार्डों में सी सी रोड निर्माण जनपद विकास निधि से स्वीकृत राशि 4 लाख में किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत फिगेंश्वर पुष्पा जगन्नाथ साहू, अध्यक्षता नेमीचंद देवांगन सदस्य जनपद पंचायत, विशेष अतिथि राधेश्याम साहू सदस्य जनपद पंचायत, जगन्नाथ साहू उपाध्यक्ष चैंबर ऑफ कॉमर्स, सरपंच ग्राम पंचायत बेलर डॉ. टायल राम साहू, उपसरपंच धनेश्वरी साहू, पूर्व वार्ड पंच रेखा साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष नंदकुमार साहू,सचिव करण दास मानिकपुरी, शेखर साहू, पंच ख़ेमन साहू, पंच राजन साहू, पूर्व उपसरपंच खोमन साहू,वरिष्ठ पत्रकार भागीरथी सिन्हा सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# दादरझोरी में लोकार्पण तथा रामधुनी के शुभारंभ में शामिल हुए धनेंद्र साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



ग्राम दादरझोरी में बुधवार को पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू द्वारा विभिन्न कार्यों शेड निर्माण, दशगात्र शेड, किचन शेड का लोकार्पण किया तथा रामधुनी सम्मेलन का शुभारंभ किया। श्री साहू ने शरद पूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा कि भगवान श्रीराम आप सबके घर में सुख समृद्धि दें। आज के इस युग में कर्म ही सार है बाकी सब बेकार है। बाबा गुरुघासी दास, संत कबीर साहेब, मां कर्मा अपने अच्छे कर्म के नाम से पूजे जाते हैं। हम सब अपने परिवार, समाज को एक अच्छा दिशा दे। कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनी है तब से पूरे छत्तीसगढ़ में विकास कार्य ठप है। कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। लुट, चाकू बाजी ,बलात्कार जैसी घटना रोज देखने में और सुनने में मिल रही है। श्री साहू ने धान खरीदी दिवाली के पहले शुरू करने की मांग किया है जिससे छोटे किसानों को औने-पौने में बेचने के लिए मजबूर न होना पड़े। कार्यक्रम में देवनंदनी साहू जनपद अध्यक्ष,चंद्रहास उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर, गिरधारी साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण,शशि प्रकाश साहू सरपंच,उमा-पुरषोत्तम साहू सरपंच, भूपेंद्र साहू जनपद सदस्य,नीमा निमेकर ,नंदू साहू , रमेश साहू ,बेनीराम साहू, मनाराम साहू,देवाराम साहू,बृज साहू, दानीराम साहू, बिसेसर साहू,अवध साहू, संतोष साहू, टिकेश्वर साहू,सोनू साहू, सोमनाथ साहू, सुरेश साहू,किशुन हिरवानी, नरेश हिरवानी,ठाकुर विश्वकर्मा, बसंत साहू,अभय साहू, खोरबाहरा साहू, दीपक साहू, डॉ सोनऊ साहू, भोजा बाई, लता बाई, घुरुवा बाई सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

**ट्रैक्टर के बढ़ते किराये से निजात पाने किसानों ने खोजा नया तरीका**

# खलिहान तक धान बोझा लाने का साधन बनी साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



इस वर्ष शासकीय दर पर समर्थन मूल्य में धान खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ होगी, जिसकी घोषणा शासन द्वारा की गई है। इस समय क्षेत्र के किसान हरुना किस्म की धान की लुआई और खेत से खलिहान तक लाने में जुटे हुए हैं। आधुनिक युग के चलते आज भी क्षेत्र किसान रामलाल, ईश्वर ठाकुर ने अपने धान बीड़ा को सायकिल से ढुलाई कर रहा था। किसान ने बताया कि एक बार में आठ धान की बीड़ा साइकिल से घर तक आराम से ले जाता हूं। उसने कहा कि 70 से 80 बीड़ा को एक से डेढ़ घंटे में ढुलाई हो जाती है। तो ट्रैक्टर से अच्छा है, और डीजल के रेट बढ़ने पर ट्रैक्टर भी अब ज्यादा कीमत लागत लगती है। 15 से 20 वर्ष पहले छोटे किसान को छोड़कर हर किसान के पास बैल या भैंसे गाड़ी होता था। मगर जब से ट्रैक्टर, थ्रेसर, हार्वेस्टर आया है तब से हर गांवों में बैल गाड़ी देखना दुर्लभ हो गया है। आज के मशीनरी युग में समय की बचत होती है, मगर मेहनत धीरे-धीरे कम हो रही है। एक एकड़ वाले किसान आज सारी कार्य मशीन से करवा रहे। यही किसान पहले खुद अपनी मेहनत से धीरे-धीरे कर लेते थे।

आने वाले समय में किसान के ही बच्चे हल ( नागर ) क्या होता है इसको पुछने पर बता नहीं पाएंगे। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा छुरा के अंतर्गत 8 सिमिति है, जिसमें 9 उपार्जन केन्द्र है छुरा मंडी को छोड़कर कहीं भी किसानों के लिए खरीदी केन्द्रों में शौचालय की व्यवस्था नहीं है जबकि धान विक्रय में किसानों को समय आने पर पूरा दिन लग जाता है। इस ओर शासन प्रशासन का अभी तक ध्यान नहीं गये। किसानों की सुविधा और भीड़ से बचने हेतु टोकन तुहर हाथ योजना लागू की जाती है। मोबाइल एप से अपना टोकन बुक करते हैं। टोकन लेने हेतु किसानों को अपना थम्स लगाना होता है, तब उस किसानों को टोकन प्राप्त करते हैं। इस वर्ष ज्यादा मात्रा में धान की खरीदीं की जानी है, इस लिहाज से धान तोलने कांटा, हेमाल की संख्या बढानी होगी।

### नया खरीदी केंद्र खोलने का आदेश अभी तक शासन द्वारा जारी नहीं

इस वर्ष नया खरीदी केंद्र खोलने का आदेश अभी तक शासन द्वारा जारी नहीं किया गया है। खरीदी केंद्र रसेला, कनसिघी, सिवनी, दुल्ला, कोसमी, चरौदा,पाठसिवनी, छुरा उपार्जन केन्द्रों में साफ-सफाई का कार्य अब शुरू होने को है। पिछले वर्ष विधानसभा चुनाव के समय ग्राम कुडेरादादर में जब तक धान उपार्जन केन्द्र नहीं खुलेगा तब तक तीन गांवों के किसानों ने चुनाव बहिष्कार कर दिया था और कलेक्टर को की लिखित में सूचना भी दी गई थी। इस बीच कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारी गांव वालों को समझाइश देकर अश्वत किया गया था कि आने वाले वर्ष में उपार्जन केन्द्र खुल जाएगा। मगर अभी तक अता-पता नहीं है। गांव वालों ने अभी हाल में गरियाबंद जिला के प्रभारी मंत्री को भी अवगत कराया गया है।

